भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 98
(दिनांक 22.11.2019 को उत्तर देने के लिए)

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

***98. श्री विनायक भाऊराव राऊतः**
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत 50वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) की गोवा में मेजबानी करने जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस महोत्सव में विभिन्न देशों की फिल्मों जिन्हें प्रदर्शित किया जाएगा की संख्या और ब्यौरा क्या है तथा इस महोत्सव में किन-किन देशों पर फोकस रहेगा;

(ग) इस महोत्सव के दौरान भारतीय फीचर और गैर-फीचर फिल्मों जिन्हें प्रदर्शित किया जाएगा की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए अनेक नई पहल की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आज की तारीख तक इससे क्या लाभ हुआ है; और

(ङ) क्या इस उत्सव ने भारतीय सिनेमा के वैश्विक प्रसार में सहायता की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 22.11.2019 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 98 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): जी हां, भारत गोवा में 20 से 28 नवंबर, 2019 तक 50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की मेजबानी कर रहा है। उद्घाटन समारोह और समापन समारोह क्रमश: 20 नवंबर, 2019 और 28 नवंबर, 2019 को आयोजित किए जाएंगे।

(ख): महोत्सव में विभिन्न 76 देशों से 180 अंतर्राष्ट्रीय फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इफ्फी के 50वें संस्करण के लिए फोकस देश रूस है।

(ग): इफ्फी का प्रमुख खंड, भारतीय पैनोरमा, 26 फीचर फिल्मों और 15 गैर-फीचर फिल्मों का एक पैकेज है। इफ्फी के भारतीय खंड में, कुल 73 में से, 54 फीचर फिल्में और 19 गैर-फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।

(घ): वर्ष 2017 में सरकार द्वारा स्थापित फिल्म संवर्धन कोष में स्वतंत्र भारतीय फिल्म निर्माताओं के लिए विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में अपने फिल्मों को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा को बढ़ावा मिलता है। फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ) फिल्म संवर्धन कोष के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए आवेदनों पर कार्रवाई करने हेतु नोडल एजेंसी है।

इसके अलावा, फिल्म संवर्धन कोष फिल्म निर्माताओं की फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों अथवा आस्कर जैसे समारोहों में चयन होने पर उनकी फिल्मों के संवर्धन के लिए धनराशि के रूप में उनकी सहायता करता है।

(ङ): जी, हां। इफ्फी भारतीय सिनेमा के सांस्कृतिक प्रभाव और इसकी भावनात्मक शक्ति प्रदर्शित करने का एक माध्यम है। प्रति वर्ष पूरे विश्व से 70 से अधिक देश इफ्फी में भाग लेते हैं। इफ्फी 2019 में, विभिन्न 76 देशों से 180 अंतर्राष्ट्रीय फिल्में इस महोत्सव में प्रदर्शित की जाएंगी। इस वर्ष रूस फोकस देश है।

*****